

राष्ट्रीय सेवा भारती
वार्षिक प्रतिवेदन 2026

राष्ट्रीय सेवा भारती विस्तार




राष्ट्रीय सेवा भारती
जागरण
सहयोग
प्रशिक्षण
आच्छादन

अनुक्रमणिका

01 मंगलकामना..... 02

02 वार्षिक प्रतिवेदन 2026..... 03

03 राष्ट्रीय सेवा भारती परिचय 04

04 सेवा कार्यवृत..... 06

05 न्यास मंडल..... 07

06 जागरण 10

07 सहयोग..... 15

08 प्रशिक्षण 17

09 कार्यकर्ता विकास योजना 25

10 संस्था विकास योजना 28

11 अध्ययन 30

12 आपदा प्रबंधन..... 33

13 आपदा प्रबंधन वेबिनर.....38

14 विशिष्ट कार्य..... 40

मंगलकामना



न त्वहं कामये स्वर्ग न राज्यं नापुनर्भवम् ।
कामये प्राणिनां दुःखनप्तानाम् आर्तिनाशनम् ॥

यह राजा रन्तिदेव का प्रण हम भारतवासियों को शतकों से प्रेरणा देते आ रहा है। राज्य, स्वर्ग, मोक्ष से मी बढ़कर पीड़ितों का दुःख दूर करने की इच्छा उन्होंने महत्त्वपूर्ण बतायी है।

इस भावना को हृदयस्थ करते हुए हम सभी सेवा कार्यकर्ता काम में जुटे ऐसी मंगलकामना मैं व्यक्त करता हूँ ।

राष्ट्रीय सेवा भारती, विविध प्रांतों की सेवा भारती, प्रतिनिधी संस्था तथा संबद्ध संस्था योजना से अपने सेवाव्रत के अगले चरण डाल रहे हैं । उस के विशेष वृत्त आप इस वार्षिक प्रतिवेदन में पायेंगे । इस कार्य में समाज का सहयोग हमेशा रहा है वैसे ही बढ़ता रहे ।

इस प्रार्थना के साथ,

सुनील श्री. सप्रे
अध्यक्ष
राष्ट्रीय सेवा भारती

वार्षिक प्रतिवेदन 2026



राष्ट्रीय सेवा भारती एक छत्र संगठन के रूप में देशभर की सेवा संस्थाओं को साथ लेकर समाज के विविध क्षेत्रों में सेवा कार्य संचालित कर रही है। सेवा संस्थाओं के सर्वांगीण एवं सुदृढ़ विकास के उद्देश्य से इस वर्ष "संस्था विकास योजना" प्रारंभ की गई, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रांतों से चयनित 15 संस्थाओं का प्रत्यक्ष एवं आभासी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संस्थागत विकास, प्रभाव मूल्यांकन (Impact Assessment), रणनीतिक योजना (Strategic Planning) एवं संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया, इस प्रशिक्षण से सहयोगी संस्थाओं को व्यापक लाभ हुआ और उन्हें संस्थागत विकास के लिए नई दिशा प्राप्त हुई।

इसके अतिरिक्त कार्यकर्ता विकास, आपदा प्रबंधन, किशोरी विकास, स्वावलम्बन एवं सुपोषण जैसे विषयों पर अखिल भारतीय एवं प्रांत स्तर पर निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव संगठन की अंतिम इकाई तक पहुँच रहा है।

सेवा भारती से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण, निष्ठा एवं सेवा भाव के परिणामस्वरूप आज सेवा भारती देशभर में 54,580 सेवा कार्यों का सफल संचालन कर रही है, जिनमें शिक्षा के 25,281, स्वास्थ्य के 9,098, स्वावलम्बन के 9,720 तथा सामाजिक क्षेत्र के 10,481 सेवा कार्य सम्मिलित हैं।

मैं सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से अभिनंदन करती हूँ तथा सेवा कार्यों की इस सतत यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करती हूँ।

भारत माता की जय।

रेणु पाठक
महामंत्री
राष्ट्रीय सेवा भारती

परिचय

राष्ट्रीय सेवा भारती परिचय

"नर सेवा नारायण सेवा" का ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित बंधुओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकों स्वयंसेवी संस्थाए कार्यरत हैं। समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाले इन स्वयंसेवी संगठनों को सेवा कार्यों के लिए समय-समय पर प्रोत्साहित तथा सहयोग करने का कार्य करने वाली राष्ट्रीय सेवा भारती एक छत्र संस्था है। जिसके साथ संलग्नित 800+ सेवा संस्थाओं द्वारा "शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन व सामाजिक" आयामों के अंतर्गत 54580 सेवा कार्यों एवं 55958 सेवा उपक्रमों द्वारा समाज को सशक्त, समरस व एकता के सूत्र में बांधने में प्रयासरत है। प्रान्त सेवा संस्थाओं के द्वारा राष्ट्रीय सेवा भारती इस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करती है।

दृष्टिकोण

स्वैच्छिक संस्थाओं और समर्पित कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास द्वारा समाज के वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित बंधुओं को शिक्षित, समरस एवं स्वावलंबी कर सुदृढ़ एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना।

उद्देश्य

अपने साथ संलग्नित स्वयंसेवी संस्थाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर, सामूहिकता का भाव जागृत कर, जागरण, सहयोग, प्रशिक्षण एवं अध्ययन द्वारा उनका कौशल एवं आत्मविश्वास बढ़ाना।

मान बिंदु

पारदर्शिता, , समर्पण राष्ट्रीय एकता और देश के वैधानिक नियमों का दृढ़ता से अनुपालन।

सेवा कार्य

शिक्षा	स्वास्थ्य	स्वावलम्बन	सामाजिक	कुल
25281	9098	9720	10481	54580

सेवा उपक्रम

शिक्षा	स्वास्थ्य	स्वावलम्बन	सामाजिक	कुल
14298	17485	4429	19746	55958

न्यास मण्डल



मा. पराग अभ्यंकर
स्थायी आमंत्रित



श्री सुनील सप्रे
अध्यक्ष



श्रीमती अमिता जैन
उपाध्यक्ष



श्री रोमेन शर्मा
उपाध्यक्ष



श्री सुधीर कुमार
अ. भा. संगठन मंत्री



श्रीमती रेणु पाठक
महामंत्री



श्री विजय पुराणिक
संयुक्त महामंत्री



डॉ. राम कुमार
मंत्री



श्री रामेंद्र सिंह
मंत्री



श्री अनिल माहेश्वरी
कोषाध्यक्ष



श्री विकास नामजोशी
कार्यकारी अधिकारी



श्रीमती चंद्रिका चौहान
न्यासी



श्री विनोद बिडला
न्यासी



श्री चंद्रशेखर एक्का
न्यासी



श्री कुलभूषण आहूजा
न्यासी



श्री कृष्ण मोहन
न्यासी



श्रीमती सविता कुलकर्णी
न्यासी



श्रीमती शिल्पा वर्णेकर
न्यासी



श्री बी. रब्बू मनोहर
न्यासी



श्री गोविंद अग्रवाल
न्यासी



श्री मधुसूदन दादू
न्यासी



श्री मनोज चटर्जी
न्यासी



मा. राज कुमार मटाले
आमंत्रित



मा. सेंथिल कुमार
आमंत्रित



श्री जयदेव दादा
आमंत्रित



श्री पद्म कुमार
आमंत्रित



श्री गुरुशरण प्रसाद
विशेष आमंत्रित



श्री मूलचंद सोनी
विशेष आमंत्रित



श्री ऋषिपाल डडवाल
विशेष आमंत्रित



श्री व्यंकटेश मूर्ति
विशेष आमंत्रित



श्री प्रमोद कुलकर्णी
विशेष आमंत्रित



श्री उदय सिंह
विशेष आमंत्रित

जागरण

राष्ट्रीय सेवा साधना 2025



वार्षिक विशेषांक

राष्ट्रीय सेवा भारती के द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय सेवा साधना 2025 वार्षिकांक को "आपदा प्रबंधन" विषय पर हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में ISBN सहित पुस्तक रूप में प्रकाशित किया गया। इस पुस्तक में आपदा प्रबंधन के विशेषज्ञों के लेख, सेवा भारती एवं अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा आपदा में किए गए सेवा कार्यों का विवरण और स्वयंसेवकों के अनुभव सम्मिलित किये गए हैं।

मुख्य गतिविधियाँ

- इस विशेषांक की प्रतियाँ IITs, IIMs, AIIMS, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, NDRF, SDRF, NIDM, SDMA, राज्यपाल कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय तथा अन्य संबंधित प्रकाशकों को भी प्रेषित की गईं।
- प्रांतों में पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें राज्य स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा साधना आपदा प्रबंधन 2025

10,740
कुल पुस्तक वितरण

6,260
हिंदी पुस्तक वितरण

4,480
अंग्रेजी पुस्तक वितरण

20
प्रान्तों में लोकार्पण कार्यक्रम

प्रकाशन एवं प्रचार



पत्रिका प्रकाशन

प्रान्तों में प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार के माध्यमों को सुदृढ़ करते हुए जनजागरण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। मुद्रित पत्रिकाओं, ई-पत्रिकाओं, वेबसाइटों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से सेवा कार्यों को समाज तक पहुँचाया जा रहा है। साथ ही, प्रचार-प्रसार को अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रशिक्षण वर्गों का नियमित आयोजन भी किया जाता है।

राष्ट्रीय सेवा भारती डिजिटल प्लेटफार्म

राष्ट्रीय सेवा भारती के सभी प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधिकारिक अकाउंट संचालित किए जा रहे हैं। इन प्लेटफॉर्मों के माध्यम से सेवा कार्यों से संबंधित सामग्री को लगभग 58 लाख लोगों तक प्रभावी रूप से पहुँचाया गया है।

प्रान्त प्रकाशन एवं प्रचार

23 प्रान्तों में पत्रिका प्रकाशन


28 प्रान्तों में ई पत्रिका

32 प्रान्तों में वेबसाइट

10 प्रान्तों में सक्रीय सोशल मीडिया

18 प्रान्तों में प्रचार प्रशिक्षण वर्ग

सेवागाथा



उद्देश्य

सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने एवं समाज में सेवा की प्रेरणा जागृत करने हेतु सेवागाथा वेबसाइट एक सशक्त डिजिटल माध्यम के रूप में कार्य कर रही है । बहुभाषीय वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से सेवा कार्यों, प्रेरक प्रसंगों और संगठन की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार निरंतर किया जा रहा है। सेवाकार्यों को प्रेरक कहानियों के साथ, वीडियो, पॉडकास्ट, रील्स, और पोस्टर्स के जरिए भी संपूर्ण देश में प्रसारित किया जा रहा है।

डिजिटल प्लेटफार्म विस्तार

80+ लाख	03+ लाख	12.5 लाख	1.88 लाख	30+ लाख

प्रकाशन एवं प्रचार

- 37 प्रान्त टोली
- 192 सदस्य
- 9 भाषा

742	337	264
विडियो	ऑडियो	पोस्टर

कहानियाँ

105 मौलिक 663 अनुवादित

सुपोषित भारत अभियान



उद्देश्य

'सुपोषित भारत अभियान' के अंतर्गत सेवा बस्तियों की किशोरियों, गर्भवती महिलाओं एवं 5 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं के समग्र पोषण हेतु विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विगत तीन वर्षों से सितंबर माह में देशभर में 'सुपोषण जागरण सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में 01 से 30 सितम्बर 2025 तक सुपोषित जागरण अभियान में कार्यक्रम किये गए।

मुख्य गतिविधियाँ

पत्रक वितरण | स्टीकर लगाना | नुक्कड़ नाटक
बस्ती बैठक / ग्राम सभा | संगोष्ठी | व्याख्यान | पोस्टर
बैनर लगाना | पत्र पत्रिका लेख | पोस्टर स्पर्धा
लघु फिल्म | सोशल मीडिया कैम्पेनिंग | दीवार लेखन
स्वास्थ्य शिविर | जागरण रैली एवं अन्य

सुपोषण जागरण सप्ताह वृत 2025

07 प्रान्त

178 जिले

1492 स्थान

554 अन्य गाँव

86748 लाभार्थी



सहयोग

सपोर्ट अ चाइल्ड (SAC)



उद्देश्य

सपोर्ट अ चाइल्ड योजना विश्व हिन्दू परिषद्, अमेरिका द्वारा भारत के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के शैक्षणिक सहयोग हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। शैक्षणिक सत्र 2025–26 से सेवा भारती द्वारा संचालित छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी इस योजना के अंतर्गत सहयोग प्राप्त हो रहा है।

मुख्य गतिविधियाँ

- छात्रवृति
- स्टेशनरी किट
- कॉपी / रजिस्टर
- स्कूल ड्रेस
- स्कूल बैग

सपोर्ट अ चाइल्ड 2025

24
प्रान्त

1275
छात्र / छत्राएँ

प्रशिक्षण

चल विज्ञान प्रयोगशाला प्रशिक्षण वर्ग



डोंबिवली, मुंबई (महाराष्ट्र) वर्ग चित्र

वर्ग जानकारी

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा दिनांक 07 अप्रैल 2025 को तीन दिवसीय चल विज्ञान प्रयोगशाला प्रशिक्षण वर्ग डोंबिवली, कोंकण प्रान्त में आयोजित किया गया । इस वर्ग के उदघाटन सत्र में वैज्ञानिक डॉ. सुधाकर आगरकर जी, राष्ट्रीय सेवा भारती की उपाध्यक्ष श्रीमती अमिता जैन जी तथा संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी उपस्थित रहे।

वर्ग विषय

- इस प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को चल विज्ञान प्रयोगशाला के माध्यम से विज्ञान प्रसार की प्रभावी पद्धतियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

07 से 09 अप्रैल 2025

15
प्रान्त

47
प्रतिभागी उपस्थिति

अपेक्षित

- विषय सम्बन्धी कार्यकर्ता एवं जिन प्रान्तों में चल विज्ञानं प्रयोगशाला प्रारंभ करने की योजना

आपदा प्रबंधन प्रांत संयोजक प्रशिक्षण वर्ग



विशिष्ट आपदा शोध केंद्र जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय — वर्ग चित्र

वर्ग जानकारी

राष्ट्रीय सेवा भारती एवं विशिष्ट आपदा शोध केंद्र जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय "आपदा प्रबंधन प्रांत संयोजक प्रशिक्षण वर्ग" का आयोजन किया गया।वर्ग के उद्घाटन सत्र में श्री संजीव जिंदल (अतिरिक्त सचिव, गृह विभाग - आपदा प्रबंधन), ले. ज. सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त, सदस्य - एनडीएमए),श्री सुधीर कुमार (अ. भा. संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), श्री रमेश अग्रवाल (अध्यक्ष, सेवा भारती - दिल्ली प्रांत) उपस्थित रहे।

वर्ग विषय

- आपदा प्रबंधन की अवधारणा और सामाजिक पहल, NDRF द्वारा प्रत्यक्षण (Demonstration) तथा व्यवहारिक अभ्यास, आपदा प्रभावित समाज में तनाव, घबराहट तथा सदमा प्रबंधन, भीड़, भगदड़ तथा दंगे के दौरान सावधानियां, आपदा प्रबंधन टोली का निर्माण तथा उनके प्रशिक्षण के विषय लिए गए।

26, 27 जुलाई 2025

38
प्रान्त

71
प्रतिभागी उपस्थिति

अपेक्षित

- प्रांत आपदा प्रबंधन संयोजक एवं सह संयोजक

प्रांत और विभाग संगठन मंत्री प्रशिक्षण वर्ग



सेवा भारती चिकित्सालय, उदयपुर (राजस्थान) वर्ग चित्र

वर्ग जानकारी

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा सेवा भारती चिकित्सालय, उदयपुर (राजस्थान) में चार दिवसीय "प्रान्त एवं विभाग संगठन मंत्री प्रशिक्षण वर्ग" का आयोजन किया गया। वर्ग के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सेवा भारती के अ. भा. संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वर्ग में रा. स्व. संघ के अ. भा. सह सेवा प्रमुख श्री राजकुमार मटाले जी, राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी, अ. भा. प्रकाशन प्रमुख श्री मूलचंद सोनी जी की उपस्थिति रही।

वर्ग विषय

- चार दिवसीय वर्ग में संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना, कौशल विकास, सेवा की कार्य पद्धति, कात्रे गुरुजी, यशोकथा के विषय रखे गए।

19, 22 अगस्त 2025

29
प्रान्त

102
प्रतिभागी उपस्थिति

अपेक्षित

- प्रांत एवं विभाग संगठन मंत्री

प्रचार विभाग कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग



श्रीमुक्तिनाथ वेद विद्याश्रम (संस्कृत गुरुकुल),पंचकूला — वर्ग चित्र

वर्ग जानकारी

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा श्रीमुक्तिनाथ वेद विद्याश्रम (संस्कृत गुरुकुल), पंचकूला में दो दिवसीय "अखिल भारतीय प्रचार विभाग प्रशिक्षण वर्ग" आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री प्रदीप जी (सह प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), डॉ. राम कुमार जी (मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती) तथा आचार्य स्वामी प्रसाद मिश्र जी (संस्थापक एवं संचालक, संस्कृत गुरुकुल) उपस्थित रहे।

वर्ग विषय

- दो दिवसीय वर्ग में सेवा कार्यों को अधिक प्रभावीरूप से प्रस्तुत करना, साइबर सिक्यूरिटी, सोशल मीडिया, सेवा पत्रिका की प्रस्तुति, PR के विषय रखे गए।

13, 14 सितम्बर 2025

26
प्रान्त

55
प्रतिभागी उपस्थिति

अपेक्षित

- प्रान्त प्रचार एवं सह प्रचार प्रमुख
- प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
- प्रान्त सेवा पत्रिका संपादक
- ई बुलेटिन प्रमुख

छात्रावास कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग



बद्री पैलेस, चौपासनी रोड, जोधपुर (राजस्थान) वर्ग चित्र

वर्ग जानकारी

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा चार दिवसीय वर्ग जोधपुर (राजस्थान) में आयोजित किया गया। वर्ग के उद्घाटन सत्र में रा. स्व. संघ के अ. भा. सेवा प्रमुख श्री पराग अभ्यंकर जी, राष्ट्रीय सेवा भारती के अ.भा. संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, महामंत्री श्रीमती रेणु पाठक जी, संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी और अ.भा. छात्रावास प्रमुख श्री जयदेव (दादा) जी उपस्थित रहें।

वर्ग विषय

- "छात्रावास संचालन पुस्तिका 2025" का विमोचन
- प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थी चयन, अभिभावक की भूमिका, आर्थिक प्रबंधन, सामाजिक चेतना, पंच परिवर्तन विषयों पर समूह चर्चा व नवाचार सत्रों में डिजिटल साक्षरता, पूर्व छात्र संपर्क और बाल संसद जैसे विषय लिये गए।

18 से 21 सितम्बर 2025

33
प्रान्त

100
प्रतिभागी उपस्थिति

अपेक्षित

- प्रांत छात्रावास प्रमुख
- एक अधीक्षक
- प्रांतीय समिति से सदस्य,
- छात्रावास कार्य देखने वाले प्रचारक
- प्रान्तों में छात्रावास प्रारंभ करने की योजना - दो कार्यकर्ता

प्रान्त महिला पदाधिकारी प्रशिक्षण वर्ग



आशा महेंद्र शुक्ला जनजाति कन्या छात्रावास, इटारसी (मध्य प्रदेश) वर्ग चित्र

वर्ग जानकारी

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आशा महेंद्र शुक्ला जनजाति कन्या छात्रावास, इटारसी (मध्य प्रदेश) में दो दिवसीय "प्रान्त महिला पदाधिकारी प्रशिक्षण वर्ग" आयोजित किया गया। वर्ग की मुख्य अतिथि नर्मदापुरम की कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा जी, अ. भा. सह सेवा प्रमुख श्री राजकुमार मटाले जी, राष्ट्रीय सेवा भारती की उपाध्यक्ष श्रीमती अमिता जैन जी, अ. भा. संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, महामंत्री श्रीमती रेणु पाठक जी एवं संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी उपस्थित रहे।

वर्ग विषय

- दो दिवसीय वर्ग में संगठनात्मक कौशल, नेतृत्व विकास, जनसंपर्क, सेवा कार्यों की प्रभावी प्रस्तुति तथा महिला पदाधिकारियों की भूमिका जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

15, 16 नवम्बर 2025

31
प्रान्त

130
प्रतिभागी उपस्थिति

अपेक्षित

- प्रान्त कार्यकारिणी से महिला पदाधिकारी
- प्रान्त अध्यक्ष
- संगठन मंत्री / महामंत्री

प्रान्त युवा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग



हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, फराह, मथुरा (उ.प्र.) वर्ग चित्र

वर्ग जानकारी

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, फराह, मथुरा में दो दिवसीय युवा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग में रा. स्व. संघ के अ.भा. सेवा प्रमुख श्री पराग अभ्यंकर जी, राष्ट्रीय सेवा भारती के अ.भा. संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी, अ.भा. प्रशिक्षण प्रमुख श्री व्यंकटेश मूर्ति जी तथा मंत्री श्री रामेंद्र जी उपस्थित रहे।

वर्ग विषय

- प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को सेवा कार्यों में कुशलता तथा वैचारिक स्पष्टता
- इस अवसर पर सेवा भारती ब्रज के नवीन लोगो का विमोचन भी किया गया।

14, 15 फ़रवरी 2026

36
प्रान्त

107
प्रतिभागी उपस्थिति

अपेक्षित

- प्रांत से 2 पुरुष, 1 महिला कार्यकर्ता (आयु वर्ग - 22 से 35 वर्ष)

स्व. सूर्यनारायण राव सेवा
कार्यकर्ता विकास योजना

- राष्ट्रीय सेवा भारती ने अपने कार्यकर्ताओं के बहुमुखी विकास एवं प्रबंध क्षमता बढ़ाने के दृष्टिकोण से स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना प्रारंभ की गयी है।
- इस योजना के द्वितीय समूह के लिए सभी क्षेत्रों से कुल 71 कार्यकर्ताओ के नाम आए, इसमें द्वितीय समूह का चयन पूर्ण करके 30 कार्यकर्ताओं के नाम स्व. सूर्यनारायण कार्यकर्ता विकास योजना के लिए निश्चित किए गये। इस योजना में दिशा से दीक्षा तक 04 प्रत्यक्ष और 06 आभासी प्रशिक्षण वर्ग किये गए।



स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना

प्रथम प्रशिक्षण वर्ग - दिशा





डॉ. आंबेडकर वनवासी कल्याण ट्रस्ट सूरत (गुजरात)
13 से 16 फरवरी 2025

राष्ट्रीय सेवा भारती की स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना के द्वितीय समूह का प्रथम प्रशिक्षण वर्ग "दिशा" आयोजित किया गया। इस वर्ग में वरिष्ट प्रचारक श्री उदय जोगलेकर जी रा. स्व. संघ का पालक अधिकारी के रूप में सानिध्य प्राप्त हुआ। सम्पूर्ण भारत से चयनित कुल 28 विकास यात्रियों (7 महिला और 21 पुरुष) ने इस प्रशिक्षण वर्ग में भाग लिया।इस कार्यक्रम में डॉ. आंबेडकर वनवासी कल्याण ट्रस्ट, राष्ट्रीय सेवा भारती एवं इस योजना के सहयोगी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

द्वितीय प्रशिक्षण वर्ग - साधना





संस्कृत भारती अक्षरम् बेंगलुरु (कर्नाटक)
05 से 08 जून 2025

स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना के द्वितीय समूह का द्वितीय प्रशिक्षण वर्ग - "साधना" संस्कृत भारती अक्षरम् बेंगलुरु में आयोजन किया गया। इस वर्ग में 24 विकास यात्रियों (6 महिला और 18 पुरुष) ने प्रशिक्षण लिया। वर्ग में राष्ट्रीय सेवा भारती के संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी, मंत्री डॉ राम कुमार जी, मंत्री श्री रामेंद्र सिंह जी, कार्यकारी निदेशक श्री विकास नामजोशी जी, सात सहयोगी कार्यकर्ता और पालक अधिकारी उपस्थित रहे।

स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना

तृतीय प्रशिक्षण वर्ग - अनुभूति वर्ग





वात्सल्य सिंधु ,भाग्यनगर (तेलंगाना)
06 से 9 नवम्बर 2025

राष्ट्रीय सेवा भारती की स्व. सूर्यनारायणराव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना (द्वितीय समूह) का तृतीय प्रशिक्षण वर्ग - अनुभूति भाग्यनगर में आयोजित किया गया। जहां 25 विकास यात्रियों ने (6 महिला और 19 पुरुष) ने प्रशिक्षण लिया। वर्ग में रा. स्व. संघ के अ. भा. सेवा प्रमुख पराग अभ्यंकर जी, रा. से. भा. के अध्यक्ष सुनील सप्रे जी, संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी, रा. स्व. संघ जन कल्याण समिति संगठन मंत्री पराग कंगले जी, दक्षिण मध्य क्षेत्र सेवा प्रमुख चंद्रशेखर एक्का जी और अन्य सहयोगी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चतुर्थ प्रशिक्षण वर्ग - दीक्षा





दीनदयाल रिसर्च इंस्टिट्यूट -चित्रकूट (मध्य प्रदेश)
05 से 8 फरवरी 2026

स्व. सूर्यनारायणराव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना (द्वितीय समूह) के चतुर्थ प्रशिक्षण वर्ग - दीक्षा चित्रकूट में संपन्न हुआ। जहां 23 विकास यात्रियों ने (6 महिला और 17 पुरुष) ने प्रशिक्षण लिया। वर्ग में रा. स्व. संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर जी, रा. से. भा. की महामंत्री श्रीमती रेणु पाठक जी, संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, महाकौशल प्रान्त के प्रान्त कार्यवाह एवं दीनदयाल रिसर्च इंस्टिट्यूट के उपाध्यक्ष श्री उत्तम बनर्जी जी, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे जी का सानिध्य एवं मार्गदर्शन तथा महंत श्री सीता शरण जी महाराज आश्रम श्री जानकी कुंड चित्रकूट जी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। इस वर्ग में तीन समाज शिल्पी दम्पति की भी विशेष उपस्थिति रही।

संस्था विकास योजना

- राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा सेवा संस्थाओं में सुदृढ़ कार्यपद्धति का निर्माण करने, अगले तीन वर्षों में टर्नओवर एवं सेवित जनसंख्या को दोगुना करने तथा प्रभाव-केंद्रित दृष्टिकोण (Impact-Oriented Approach) विकसित करने के उद्देश्य से "संस्था विकास योजना" प्रारंभ की गई है।



प्रथम प्रशिक्षण वर्ग - 'दृष्टि'



सेवा भवन, पुणे (महाराष्ट्र)

वर्ग चित्र

वर्ग जानकारी

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा संस्था विकास योजना के प्रथम समूह के लिए 15 संस्थाओं का चयन किया गया, जिसका पहला प्रशिक्षण वर्ग- "दृष्टि", पुणे में आयोजित किया गया । इस वर्ग के उद्घाटन सत्र में मा. सुहास राव हिरेमठ जी रा. स्व. संघ, मा. अधिवक्ता प्रियंका बेहरा और रा. से. भा. महामंत्री श्रीमती रेणु पाठक जी उपस्थित रही ।

28 से 30 नवम्बर 2025

15
संस्थाएं

72
प्रतिभागी उपस्थिति

वर्ग विषय

- सेवा संगठनों का बदलता परिदृश्य
- संस्था जीवन-चक्र
- मंथन
- दृष्टी, उद्देश्य, मूल्य, लक्ष्य और रणनीतियां
- प्रभाव उन्मुखता, संस्कृति अभ्यास एवं नेतृत्व शैली
- सेवा संस्थाओं के न्यासी की भूमिकाएं एवं दायित्व
- 3 वर्षीय योजना

अपेक्षित

- संस्था की निर्णय करने वाली टोली
- अध्यक्ष
- सचिव
- कोषाध्यक्ष
- एक दो प्रमुख कार्यकर्ता

अध्ययन

वैभवश्री प्रकल्प अध्ययन

- वर्तमान वर्ष में वैभवश्री (स्वयं सहायता समूह) प्रकल्पों का अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह जानना है कि वैभवश्री प्रकल्पों में महिलाओं की समूहगत सहभागिता से उनके व्यक्तिगत जीवन, पारिवारिक जीवन, ग्राम समुदाय तथा आस-पड़ोस के सामाजिक व्यवहार में किस प्रकार के सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।
- यह अध्ययन ऑनलाइन एप्प के माध्यम से किया जा रहा है। अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों एवं निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा, जिसमें वैभवश्री प्रकल्पों के प्रभाव एवं सकारात्मक परिवर्तनों का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत किया जाएगा।



वैभवश्री एवं अध्ययन प्रान्त टोली प्रशिक्षण वर्ग

- अध्ययन प्रक्रिया को सुचारु, व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय स्तर पर अध्ययन एप्प के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया गया है। जिसमें वैभवश्री एवं अध्ययन विषय को देखने वाले कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्रं	क्षेत्र	तिथि	स्थान	उपस्थिति
1	उत्तर एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र	19, 20 अप्रैल 2025	मंडोली दिल्ली	46
2	मध्य क्षेत्र	26, 27 अप्रैल 2025	इंदौर (म. प्र.)	37
3	पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र	10, 11 मई 2025	गोरखपुर (उ.प्र.)	59
4	दक्षिण क्षेत्र	11, 12 मई 2025	कन्याकुमारी (तमिलनाडु)	47
5	राजस्थान एवं गुजरात क्षेत्र	18, 19 मई 2025	सूरत (गुजरात)	34
6	उत्तर पूर्व, पूर्व, एवं असम क्षेत्र	14, 15 जून 2025	रांची (झारखण्ड)	62

आपदा प्रबंधन

आपदा सहायता एवं बचाव कार्य



हिमाचल प्रान्त

जून माह के अंत में हिमाचल प्रदेश में हुई भीषण वर्षा, बाढ़, बादल फटने एवं भूस्खलन से अनेक परिवार संकट में आ गए। ऐसे समय में सेवा भारती हिमाचल प्रदेश के स्वयंसेवकों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचकर भोजन, वस्त्र, दवाइयाँ एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई। सामुदायिक रसोई और चिकित्सा शिविरों के माध्यम से निरंतर सहायता पहुँचाई गई तथा गाँव-गाँव जाकर लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार सहयोग किया गया। राहत कार्यों के दौरान पीड़ित परिवारों के साथ बना आत्मीय संबंध इस सेवा कार्य की सबसे बड़ी उपलब्धि रहा।

प्राथमिक चिकित्सा	600	किराना किट वितरण	2032
पशु चारा	20 टन	बर्तन वितरण	279 परिवार
आपदा सहायता कार्य	03 पंचायत	कपडा वितरण	2000+
स्वास्थ्य शिविर	03	कम्बल वितरण	520
भोजन वितरण प्रति दिन	800	बिस्तर वितरण	250 परिवार

आपदा सहायता एवं बचाव कार्य



जम्मू और कश्मीर प्रान्त

जम्मू और कश्मीर के रामबन में प्राकृतिक आपदा के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सेवा भारती ने फँसे लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की, प्रभावित परिवारों को सहायता दी तथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया।

आपदा सहायता **70+** परिवार

स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवा वितरण



जम्मू और कश्मीर प्रान्त

जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह क्षेत्र के भेजा गाँव में भारी वर्षा के कारण 3–4 घर बह गए। सेवा भारती एवं संघ के कार्यकर्ताओं ने प्रभावित परिवारों को भोजन, बिस्तर और बर्तन जैसी आवश्यक सामग्री वितरित कर तत्काल राहत पहुँचाई।

आपदा सहायता **600+** परिवार

राशन किट वितरण **400**

अतिवृष्टि में आपदा पीड़ितों के साथ सेवा भारती



देवगिरी प्रान्त

इस वर्ष महाराष्ट्र, विशेषकर मराठवाडा (देवगिरी प्रांत) में अभूतपूर्व अतिवृष्टि हुई। मई से शुरू हुई वर्षा अक्टूबर अंत तक सामान्य से लगभग 250% अधिक रही, जिससे पूरा क्षेत्र लंबे समय तक जलमग्न रहा। लगभग 32 लाख हेक्टेयर फसल नष्ट हुई, 3800 गाँव प्रभावित हुए तथा जन-धन और पशुधन की भारी हानि हुई।इस भीषण आपदा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विभिन्न संगठनों और सेवा भारती के हजारों स्वयंसेवकों ने राहत कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रभावित क्षेत्रों में भोजन, वस्त्र, कंबल, किराना सामग्री, बर्तन, औषधि आदि आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई।

- जांच एवं दवा वितरण **2699**
- राशन किट वितरण **2355**
- जीवन ड्राप वितरण **2355**
- बर्तन वितरण **304** परिवार
- आपदा सहायता कार्य **09** जिले
- साड़ियाँ वितरण **5997** महिला
- स्वास्थ्य शिविर **24** गाँव
- चना बीज वितरण **2120** किसान
- भोजन वितरण **4466**
- आपदा सहायता कार्य **108** गाँव

आपदा सहायता एवं बचाव कार्य



उत्तराखंड प्रान्त

उत्तराखंड- किश्तवाड़ (पाडर) में बादल फटने से 42 लोगों की मृत्यु और 100 से अधिक लोग घायल हुए। सेवा भारती डोडा–किश्तवाड़ ने एम्बुलेंस सेवा,भोजन वितरण, अस्थायी आवास और अन्य आवश्यक सेवाएँ प्रदान की गयी। अन्य हिस्सों में भी स्वयंसेवक दिन-रात राहत सामग्री जैसे आटा, भोजन और पानी पहुँचाने।

आपदा सहायता 1000+ परिवार

प्राथमिक उपचार एवं राशन वितरण



केरल प्रान्त

“थलचायक्कनोरिडम्” (Home for Homeless) देशीय सेवा भारती की एक मानवीय पहल है, जिसका उद्देश्य बेघर एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। के. चिट्टिलाप्पिल्ली फाउंडेशन एवं अन्य सहयोगियों के समर्थन से यह परियोजना संचालित की जा रही है।

घर निर्माण 126

आपदा प्रबंधन वेबिनार

- राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रत्येक माह एक विशेष वेबिनार श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इस श्रृंखला का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के वर्तमान परिदृश्य, उससे जुड़ी चुनौतियों तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में आपदा सज्ज समाज (Disaster Resilient Society) के निर्माण में हमारी सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना है।

- प्रत्येक वेबिनार में विषयानुसार विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है, जो संबंधित विषय पर अपना अनुभव एवं मार्गदर्शन साझा करते हैं। इन वेबिनारों में देशभर से आपदा प्रबंधन से जुड़े सदस्य, कार्यकर्ता एवं इच्छुक नागरिक सहभागिता करते हैं। सभी वेबिनार की रिकॉर्डिंग राष्ट्रीय सेवा भारती के YouTube Channel पर भी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें।



आपदा प्रबंधन वेबिनार श्रृंखला



वेबिनार - I

13 दिसम्बर 2025 | रात्रि 08:00 से 09:00

विषय : भारत में आपदा प्रबंधन की आवश्यकता और व्यवहारिक पक्ष

मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शन: डॉ. अनिल कुमार गुप्ता
(प्रोफेसर ICARS आई. आई. टी. रूरकी, ग्रेटर नोएडा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र)



वेबिनार - II

10 जनवरी 2026 | रात्रि 08:00 से 09:00

विषय : आपदा और समुदाय

मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शन: श्रीमती आकांक्षा पांडे
(आपदा प्रबंधन के सहायक प्रोफेसर, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, लखनऊ)



वेबिनार - III

14 फरवरी 2026 | रात्रि 08:00 से 09:00

विषय : चक्रवात और बाढ़ जैसी आपदाओं के लिए स्थानीय स्तर पर बचाव की तकनीकें

मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शन: श्री राजेंद्र रामचंद्र लोखंडे
(आपदा प्रबंधन अधिकारी, बृहन्मुंबई नगर निगम)



वेबिनार - IV

14 मार्च 2026 | रात्रि 08:00 से 09:00

विषय : स्थानीय स्तर पर लू (हीट वेव) से बचाव और जागरूकता का प्रसार

मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शन: श्री ओमकार खरे
(रेजिलिएंस एआई सॉल्यूशंस के निदेशक)

विशिष्ट कार्य

रन फॉर गर्ल चाइल्ड

किशोरी विकास योजना के अंतर्गत बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, व्यक्तित्व विकास एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े कार्यक्रमों के संचालन हेतु जनसहयोग एवं धन-संग्रह के उद्देश्य से सेवा भारती द्वारा "Run for a Girl Child" अभियान प्रारंभ किया गया है। समाज में किशोरी विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिकाधिक लोगों को इस कार्य से जोड़ने के लिए वर्तमान में तेलंगाना , दिल्ली एवं गुजरात में इसके सफल आयोजन किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों का व्यापक सहयोग एवं सहभागिता प्राप्त हुई है।



दिल्ली प्रान्त

प्रथम संस्करण

सेवा भारती दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली

लगभग **8000** प्रतिभागी

तेलंगाना प्रान्त

10वें संस्करण

सेवा भारती तेलंगाना

गाचीबौली स्टेडियम, भाग्यनगर

लगभग **7000** प्रतिभागी





गुजरात प्रान्त

दूसरा संस्करण

डॉ. हेडगेवार स्मृति सेवा समिति

हीरा नगर, सूरत (गुजरात)

लगभग **10000** प्रतिभागी

बालमेला : कला, विज्ञान व संस्कृति का संगम



आंध्रप्रदेश प्रान्त

"बालमेला" सेवा भारती विजयवाड़ा का एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसका आयोजन 1 मार्च 2026 को विजयवाड़ा के वेन्यू फंक्शन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 600 बच्चों ने कला, विज्ञान एवं संस्कृति से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

"बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट", विज्ञान प्रदर्शनी, लोक नृत्य, कुचिपुड़ी नृत्य तथा देशभक्ति गीत कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, व्यक्तित्व निर्माण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर गणित, अंग्रेज़ी एवं नैतिक शिक्षा के विशेषज्ञों ने बच्चों का मार्गदर्शन भी किया।





सेवा सारथी : एक अभिनव पहल



झारखण्ड प्रान्त

सेवा भारती, झारखण्ड की "सेवा सारथी" योजना सेवा कार्यों के विस्तार एवं सुदृढ़ संचालन हेतु एक अभिनव पहल है। सेवा भावी एवं समयदानी महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं को "सेवा सारथी" के रूप में चयनित कर वर्ष में दो बार प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है।प्रत्येक सेवा सारथी न्यूनतम 10 सेवा कार्यों की देखरेख करता है, सेवा कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक आयोजित करता है तथा सेवा कार्यों के अध्ययन, सर्वेक्षण एवं गुणवत्ता वृद्धि का प्रयास करता है। साथ ही हिन्दुत्व, राष्ट्रीयता, सेवा, संस्कार एवं सामाजिक समरसता के प्रति समाज को जागरूक करने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों एवं प्रशासन से संपर्क स्थापित करने तथा जरूरतमंदों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी करता है।

इस योजना का उद्देश्य स्थानीय नेतृत्व विकसित करना, कमजोर वर्गों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक समस्याओं, अंधविश्वास एवं कुप्रथाओं के विरुद्ध समाज को जागृत करना तथा राष्ट्र निर्माण में समाज की सहभागिता सुनिश्चित करना है। वर्तमान में झारखण्ड के 24 जिलों में 205 सेवा सारथी निस्वार्थ भाव से कार्यरत हैं।

आज सेवा सारथी के प्रयास से सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से अतिम व्यक्ति को जोड़ने से अच्छी उपलब्धी मिली है साथ ही सामाजिक समस्याओं, चुनौतियों एव सामाजिक रुढियों, अंधविश्वास, कुप्रथाओं के प्रति समाज को जागरूक किया जा रहा है। वर्तमान में झारखण्ड के 24 जिलो में 205 सेवा सारथी कार्यकत्ता निस्वार्थ एव सेवा भाव से कार्यरत हैं।

केरल में पैलिएटिव केयर सेवाएँ (Palliative Care)



केरलम् प्रान्त

कार्यक्रम जानकारी

देशीय सेवा भारती केरलम् द्वारा संचालित **पैलिएटिव केयर** (Palliative Care) सेवा दीर्घकालिक एवं असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों तथा वरिष्ठ नागरिकों को करुणामय, समुदाय-आधारित स्वास्थ्य सहयोग प्रदान करती है। यह पहल रोगियों एवं उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने हेतु चिकित्सकीय, भावनात्मक और सामाजिक सहायता उपलब्ध कराती है। गृह-आधारित देखभाल इस सेवा प्रणाली का प्रमुख आधार है, जिसके माध्यम से रोगियों को उनके घर पर ही आवश्यक उपचार एवं सहयोग प्रदान किया जाता है।

कार्यक्रम का प्रभाव

- रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार
- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच में वृद्धि
- अस्पतालों पर निर्भरता में कमी
- सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना
- गरिमापूर्ण जीवन-अंत देखभाल सुनिश्चित करना

गृह-आधारित सेवा इकाइयाँ

111 नर्स होम केयर (NHC)

17 चिकित्सक होम केयर (DHC)

23 स्वयंसेवक होम केयर (VHC)

पैलिएटिव केयर नेटवर्क

135 कुल पैलिएटिव केयर इकाइयाँ

106 वाहन-सहित सेवा इकाइयाँ

1034 कुल स्वयंसेवक

धन्वंतरि सेवा यात्रा



असम प्रान्त

कार्यक्रम जानकारी

सेवा भारती पूर्वांचल ने नेशनल मेडिकोस ऑर्गेनाइजेशन तथा आयुर्वेदिक मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से वर्ष 2005 में धन्वंतरि सेवा यात्रा (DSY) प्रारंभ की, जो आज उत्तर-पूर्व भारत (असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा) के दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने वाला व्यापक जनसेवा अभियान बन चुका है। 23वीं धन्वंतरि सेवा यात्रा (2026) में चिकित्सकों, एमबीबीएस विद्यार्थियों एवं हजारों स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य

- दूरस्थ क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा।
- स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली का संवर्धन।
- जाँच शिविरों द्वारा रोगों की प्रारंभिक पहचान।
- शहरी विशेषज्ञता एवं ग्रामीण स्वास्थ्य आवश्यकताओं में समन्वय।
- निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ करना।

23वीं धन्वंतरि सेवा यात्रा वर्ष 2026 वृत

251 कुल चिकित्सा शिविर

1255 कुल गाँव पहुँच

239 कुल चिकित्सक

254 एम.बी.बी.एस. विद्यार्थी

लाभार्थी

28731 कुल लाभार्थी

10203	13396	5132
पुरुष	महिला	बच्चें

संवर्धिनी : महिला नेतृत्व विकास पहल



दक्षिण कर्नाटक प्रान्त

कार्यक्रम जानकारी

प्रकाशा अकादमी द्वारा सेवा इंटरनेशनल, हिंदू सेवा प्रतिष्ठान एवं अबलाश्रम के सहयोग से संचालित **"संवर्धिनी"** महिला नेतृत्व विकास पहल का उद्देश्य सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाना है।

चार माह की इस प्रशिक्षण यात्रा में कर्नाटक की 16 संस्थाओं से जुड़ी 28 महिला कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत आत्म-विकास, नेतृत्व कौशल, परियोजना प्रबंधन, टीम प्रबंधन, संवाद कौशल, समय प्रबंधन एवं संगठनात्मक नेतृत्व जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अनुभवात्मक शिक्षण, मार्गदर्शन, समूह चर्चा एवं क्षेत्रीय अध्ययन के माध्यम से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता तथा सामाजिक नेतृत्व को विकसित किया गया। यह पहल महिला नेतृत्व को सशक्त बनाकर सामाजिक क्षेत्र में दीर्घकालिक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

प्रशिक्षण यात्रा

04 माह

16 संस्थाएं

28 महिलाएँ

स्वावलम्बन आयाम गतिविधियां

"आत्मनिर्भरता से समृद्ध समाज की ओर"

1. मेले एवं प्रदर्शनी

8 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय तथा 24 प्रादेशिक मेलों में 62 स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से स्वनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया।

2. हिन्दू सम्मेलनों में विक्रय स्टॉल

लगभग 465 हिन्दू सम्मेलनों में सेवा भारती स्वावलम्बन विभाग द्वारा स्वनिर्मित वस्तुओं के विक्रय हेतु स्टॉल लगाए गए, जिससे स्वयं सहायता समूहों को व्यापक बाजार उपलब्ध हुआ।

3. त्योहार आधारित रोजगार सृजन

दीपावली, होली, रक्षाबंधन, गणेशोत्सव एवं नवरात्रि जैसे प्रमुख त्योहारों के अवसर पर बस्तियों की लगभग 2,000 बहनों ने मिठाई, गुलाल, राखी, गणेश प्रतिमाएँ, गृह-सज्जा सामग्री, विद्युत बल्बों की लड़ियाँ आदि वस्तुओं का निर्माण कर आंशिक रोजगार एवं अतिरिक्त आय अर्जित की।

4. वेबीनार आयोजन

इस वर्ष स्वावलम्बन क्षेत्र के सफल एवं प्रेरणादायी प्रयोगों के प्रसार हेतु 5 वेबीनार आयोजित किए गए, जिनमें औसतन 80 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। अब तक कुल 15 वेबीनारों का सफल आयोजन किया जा चुका है।





राष्ट्रीय सेवा भारती

बी.डी. 37, गली नं- 14, फैज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

www.rashtriyasewabharati.org

(O): +91 98682 45005

office@rashtriyasewabharati.org

राष्ट्रीय सेवा भारती के डिजिटल प्लेटफार्म पर जाने के लिए QR कोड को स्कैन करें